भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2498

दिनांक 15.03.2023 को दिया जाने वाला उत्तर

सिंचाई परियोजनाएं

†2498. श्री संतोष कुमार :

क्या विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार और राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी) को ईंधनरहित और पर्यावरण हितैषी उपकरण के बारे में कोई अभिनव विचार दिए गए हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या एनआरडीसी ने नवाचारियों को उनके विचारों की प्रस्तुति के लिए बुलाया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) जी हाँ, एनआरडीसी को "पोर्टेबल घराट भैरनलेस घराट" नामक परियोजना पर एक अन्वेषक से आवेदन प्राप्त हुआ है जिसके विकास के लिए 10,00,000/– रुपये की निधि मांगी गई थी ।

(ख) जी हाँ, राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम ने नवप्रवर्तक से 16 नवंबर, 2022 को तकनीकी समिति के समक्ष अपने परियोजना विकास कार्य/प्रस्ताव पर वर्चुअल कॉन्फ्रेंस मोड के माध्यम से प्रस्तुति देने का अनुरोध किया ।

(ग) जी हाँ, नवप्रवर्तक ने 16 नवंबर, 2022 को उन्हें आवंटित समय सीमा दोपहर 1:40 से 02:00 बजे तक वर्चुअल कॉन्फ्रेंस मोड के माध्यम से विकास प्रस्ताव के बारे में बताया । तकनीकी समिति ने परियोजना प्रस्ताव का मूल्यांकन किया लेकिन वित्त पोषण की सिफारिश नहीं की ।

*****